(1)

Book No. :- 1 Deed No. 6492

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

बिहार BIHAR 1246 12/6/17 1000 स्टाम्प

569437

Serial No. 6628

Govt. of Bihar

Sub Registry Office ,Danapur

Summary of Endorsement

This document was presented for registration on **13/06/2017** by **Jagnarayan Prasad**
A Stamp Duty of Rs. **99000**/- and other Fees of Rs. **20500**/- has been paid in it.
The document was found admissible. The Names, Photographs, Fingerprints and Signatures of the Executants and their Identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as Deed No. **6492** in Book No. **1**, Volume No. **120** on pages from **445** - **463** and has been preserved in total **19** pages in C.D. No. **19** / Year **2017**

13/6/17

Signature with
(Dhananjay Kumar)
Registering Office, Danapur

Date: 13/06/2017 Token No- 7045 /2017

(Development Agreement)

यह भूखण्ड विकास एकरारनामा आज दिनांक – 13/6/2017 ई0 भूस्वामी और बिल्डर के बीच निष्पादित किया जाता है–

Sub District Registry Office,Danapur

Token Number 7045 | Reg. Year 2017 | Serial Number 6628 | Deed Number 6492

PresType	Name	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Little

Claimant: Rahul Kumar(Through The Representive Of Anshul Homes Pvt Ltd)

Sig. Rahul Kumar 13/06/2017



Presented By Jagnarayan Prasad

Sig. जगनारायण प्रसाद 13-06-2017



Executant Jagnarayan Prasad

Sig. जगनारायण प्रसाद 13-06-2017

Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Little
X	X	X	X	X	X

Identified By Ram Krishna Gupta

Sig. राम कृष्ण गुप्ता 13/06/2017

SCORE Ver.4.0 Powered by IL&FS Technologies Ltd. Biometric Captured By 2802sor011

1. <u>लेख्यकारी का नाम एवं पूरा पता:-</u>

श्री जगनारायण प्रसाद, पिता-स0 राम लखन राय, साकिन-ग्राम+पोस्ट- नेउरा, अंचल-बिहटा, जिला - पटना (बिहार) भारतीय नागरिक।

2. <u>लेख्यधारी का नाम एवं पूरा पता:-</u>

अंशुल होम्स प्राईवेट लिमिटेड, एक पंजीकृत कम्पनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिसका कॉर्पोरेट पहचान सं0-**U45200BR2014PTC022492/2014-15** जिसका रजिस्टर्ड ऑफिस हाउस नं0-47, ए0एन0 पथ, अपोजिट ए0एन0कॉलेज, नार्थ एस0 के0 पुरी, बोरिंग रोड, जिला-पटना, जिसका प्रतिनिधित्व श्री राहुल कुमार, पिता का नाम-श्री विनोद कुमार सिंह, हाउस नं0-47, ए0एन0 पथ, अपोजिट ए0एन0कॉलेज, नार्थ एस0के0 पुरी, बोरिंग रोड, जिला-पटना, पैशा-बिजनेश, भारतीय नागरिक। (इसमें इनके उत्तराधिकारीगण, स्थानापत्र एवं विधिक प्रतिनिधि इत्यादि सम्मिलित है) जिसे आगे सम्मिलित रूप लेख्यधारी/क्रेता कहा गया है।

3. <u>लेख्यप्रकार:-</u>

विकास अनुबंध।

4. <u>समय अवधि</u>

नक्शा पास होने के तिथि से 3 वर्ष 6माह(ग्रेस 6 माह)।

यह कि जमीन मालिक मौजा- नेउरा, सर्वे थाना-बिहटा सब रजिस्ट्री-दानापुर वो सदर रजिस्ट्री वो जिला-पटना जिसका थाना नं0-- 104 तौजी न0-बिहार सरकार, खाता नं0-172 (एक सौ बहत्तर) पार्ट प्लाट नं0-713 (सात सौ तेराह) मवाजी (28 डीसमल) 8 कठ्ठा 19 धूर 4 धूरकी आवासीय

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

जगनारायण प्रसाद
13-06-2017

बाजार/सरकारी मूल्य मोवलिग - 49,00,000/- (उन्नचास लाख) होता है पर स्वामी के रूप में स्वत्व धारित करते हुए निर्विवाद रूप से शांतिपूर्वक दखल-कब्जे में हैं। जिसका पूर्ण विवरण इस विलेख के अनुसूची-1 में वर्णित है जो इस विलेख का भाग है।

हकियत यह है कि अनुसूची-1 में वर्णित सम्पति में एराजी 14 डिसमिल भूमि लेख्यकारी ने एक निबंधित दान दिनांक 24.10.1983 ई0 को नविस्ते राम सकल राय, पिता- स्वा0 देवधारी0 राय, जात- यादव, पेसा- खेती, साकिन वो पोस्ट - नेउरा, थाना-बिहटा, जिला- पटना से बख्शीशनामा (दान पत्र) के द्वारा प्राप्त किये हैं। जिसका वसीका न0 567 है और एराजी 14 डिसमिल भूमि लेख्यकारी की खानदानी मौरूसी सम्पत्ति है। जिसे लेख्यकारी ने अपने पूर्वजों वो पिता के स्वर्गवास उपरांत अपने गोतिया पट्टीदार से आपसी खानगी बंटवारा के द्वारा बांटकर खास हक वो हिस्से में प्राप्त किये। इस प्रकार लेख्यकारी अपने दान में प्राप्त सम्पत्ति वो बंटवारा में मिले सम्पत्ति पर निर्विवाद रूप से शांतिपूर्वक दखल कब्जे में रहते हुए सरकार को लगान भुगतान कर रसीद कटाते चले आ रहे हैं। व मालगुजारी का रसीद भी कटवाते चले आ रहे हैं जिसका जमाबंदी नंबर- 129-II है व जायदाद हर प्रकार के नुक्स एवं हकियत दिगर इंतकाल वगैरह से पाक वो साफ है।

यह कि विकासक को जमीन मालिक ने अनुसूची-1 मे वर्णित जमीन के संबंध में यह विश्वास दिलाया कि जमीन हर प्रकार से पाक-साफ एवं स्वत्व, दोष एवं ऋण भार से मुक्त है। यदि भविष्य में किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, दोष या ऋण भार पाया जाएगा तो उसकी जिम्मेवारी जमीन मालिक पर होगी और उसके चलते होने वाले हर्जा- खर्चा तथा क्षति-पूर्ति भुगतान करने

यह कि उपर्युक्त दोनों पक्षों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अनुसूची –1 में वर्णित जमीन पर एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण निम्नलिखित शर्तों एवं बंधणों सर किया जाय:–

5. यह कि द्वितीय पक्ष ने प्रथम पक्ष की सहमति से यह तय किया कि अनुसूची–1 की जमीन पर नगर परिषद दानापुर से प्रस्तावित भवन का नक्शा एवं प्लान स्वीकृत कराकर उसके अनुरूप बहुमंजिला इमारत बनायेंगे।

6. यह कि जमीन और द्वितीय पक्ष डेवलेपर के बीच इस संबंध में इस विलेख के निष्पादन के पहले से बातचीत चल रही थी और डेवलपर ने अंतम रूप से यह निर्णय लिया है कि वे उक्त सम्पति को उन्नन के लिए ग्रहण करेंगे और जमीन मालिक को आश्वासन दिया तथा आश्वस्त किया कि उक्त सम्पति का उन्नयन करने में किसी भी तरह से जमीन मालिक को क्षति नहीं पहुँचायेंगे और यह भी कि वे जमीन मालिक को क्षति नहीं पहुँचायेंगे और यह भी कि वे जमीन मालिक को किसी दूसरे व्यक्ति के दावे से उन्मुक्त रखते हुए, क्षति होने की दशा में इस एकरारनामा के निष्पादन पर क्षतिपूर्ति करेंगे।

7. यह कि उभय पक्ष सहमत हुए कि द्वितीय पक्ष के डेलवपर बचनबद्ध करते हैं कि अनुसूची–1 में वर्णित जमीन पर बहुमंजिला इमारत की संरचना करेंगे और उपरोक्त निर्माण के क्रम में जमीन मालिक प्रथम पक्ष का आरंभ से अंत तक एक रूपया भी खर्च नहीं होगा।

8. यह कि जमीन मालिक एवं भवन निर्माता ने यह भी तय किया कि भवन के अंतिम रूप से निर्माण के पश्चात सम्पुर्ण शि र पर terrace का व्यवहार उक्त इमारत के धारक तथाइ मारत के स्वामियों द्वारा बनाए गए सदस्य ही करेंगे।

Anshul Housing Pvt. Ltd.
Director

9. यह कि जमीन मालिक एवं भवन निर्माण द्वारा यह भी तय किया गया कि नगर परिषद दानापुर या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य संस्था से स्वीकृत प्रस्तावित निर्माणाधीन हिस्से में जमीन मालिक का 40 प्रतिशत एवं भवन निर्माता का 60 प्रतिशत हिस्सा परम निर्मित क्षेत्र, पार्किंग क्षेत्र, फ्लैट एवं जमीन का औसतन हिस्सा इत्यादि में होगा और जमीन मालिक का 40 प्रतिशत हिस्सा इस विलेख की अनूसूची–1 में वर्णन के अनुरूप निर्मित होगा।

10. यह कि डेलवपर ने स्वीकार किया कि भवन प्रथम कोटि का होगा और उन्नत इमारत में प्रयुक्त सभी सामान बिना मिलावट के और दीर्घ टिकाउ गुणवता वाले लगाए जायेंगे।

11. यह कि जमीन मालिक डेवलपर को यह स्वीकार करते हैं कि डेवलपर जमीन मालिक से उक्त जमीन को उन्नत करने का अधिकार स्वीकार करते हैं उन शर्तों और बंधनों पर जो इस एकरारनामा की अनूसूची-3 में वर्णित है।

12. यह कि जमीन मालिक की सहमति और लिखित स्वीकृति से डेवलपर उक्त जमीन पर बनाए जाने वाली इमारत कम्पलेक्स का नक्शा, स्वरूप और (एलीवेशन) आकृति तैयार करने जिसमें किए जाने वाले कार्य का स्पेसीफिकेशन तथा प्रयोग किए जाने वाले सामानों जो प्रथम कोटि के होने चाहिए, के लिए एक वास्तुकार आर्किटेक्ट नियुक्त करेंगे। इस पर होने वाले सभी खर्च और आरकेटिक्ट को दिए जाने वाला पारिश्रमिक (फी) डेवलपर द्वारा दिया और वहन किया जाएगा। यह भी तय हुआ कि डेवलपुर उक्त जमीन पर उन्नयन कर अधिकतम अनुमान्य एफ0 ए0 आर0 सुनिश्चित करेंगे और तदनुसार उन्नयत योजना बनायी जाएगी और भवन स्वीकृति प्राधिकार अर्थात नगर परिषद दानापुर अथवा संबंधित कार्यालय को विकासक के हस्ताक्षर से भेजी जाएगी।

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

बेचने/अन्तरण करने के हकदार होंगे और उसका नियमानुकूल सक्षम निबंधन कार्यालय में निबंधन करेंगे जिसमें उक्त अधिनियम एवं नियम का पालन किया जाएगा। विकासक अपने हिस्से का क्षेत्र बंधक रखकर ऋण ले सकेंगे और विक्रय के लिए एकरारनामा करेंगे जिसमें जमीन मालिक के हिस्से का क्षेत्र सम्मिलित नहीं रहेगा।

17. यह कि उक्त जमीन पर सम्पूर्ण इमारत कम्प्लेक्स तथा उन्नयन कार्य पूर्ण होने पर डेवलपर बिक्री योग्य निर्मित इमारत के प्रमुख क्षेत्र का आनुपातिक आधार पर जमीन मालिक को 40 प्रतिशत सुर्पुद कर देंगे (प्रत्येक कोटि के घरों/फ्लेटों पर अर्थात वे फ्लैट जो उक्त विकसित और निर्मित इमारत के प्रमुख अंश) होंगे जो डेवलपर या उनके नामित को अनुपातिक रूप से उनको 60 प्रतिशत हिस्सा के भागीदार होंगे साथ ही साथ इस श्रेणी की तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्माण प्रथम कोटि का होगा।

18. नक्शा स्वीकृति के पश्चात भवन निर्माण होने पर मंजिलों में बढ़ोतरी का संशोधित नक्शा यदि अनुमोदित होता है तो वैसी स्थिति में निर्माण कार्य विकासक द्वारा पूर्ण करने पर उपर्युक्त अंकित अनुपातिक हिस्से के लिए जमीन मालिक भी हकदार होंगे और उसी अनुपात में क्रेताओं का प्रति फ्लैट अनुपातिक जमीन में हिस्सा बदल जाएगा।

19. यह कि यथावर्णित "जमीन मालिक का क्षेत्र" पर जमीन मालिक को 40 प्रतिशत का अधिकार होगा जिसका इमारत के पूर्णतया तैयार होने के बाद निर्धारण और स्पष्टीकरण इमारत निर्माण हेतु प्रस्तावित नक्शा पारित होने के बाद किया जाएगा तथा सम्मिलित क्षेत्र अर्थात सीढ़ी घर, रास्ता, पम्प घर, जेनरेटर घर, वाहन क्षेत्र, लिफ्ट स्थान, प्रहरी घर सम्मिलित शौचालय एवं सम्मिलित (सामूहिक)

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

13. यह कि जमीन मालिक यह भी सहमत है कि डेवलपर उक्त वास्तुकार (आरकेटिक्ट) द्वारा निर्मित प्लान नगर परिषद, दानापुर अथवा संबंधित कार्यालय और कोई अन्य प्राधिकारों अगर हो, को विकासक अपने हस्ताक्षर से अपनी ओर से जमा कर देंगे और भवन प्लान की स्वीकृति प्राप्त करेंगे। उपर्युक्त कार्य से संबंधित खर्च का भुगतान डेवलपर करेंगे।

14. यह कि इस मनोबंध के निष्पादन के बाद जमीन मालिक डेवलपर को उनके कर्मचारियों, अभिकर्ताओं, कारीगरों, अभियंताओं एवं मजदूरों को उक्त सम्पति में प्रवेश करने की अनुमति देंगे जिससे वे विभिन्न विकास पूर्व कार्य यथा नक्शा और योजना का निर्माण जैसे कार्य कर सकें। वैसे विकास कार्य की सुविधाओं की अनुमति डेवलपर द्वारा नगर परिषद दानापुर अथवा संबंधित कार्यालय और अन्य प्राधिकारों से भवन निर्माण योजना की स्वीकृति के बाद दी जाएगी।

15. यह कि प्राकृतिक विपदा और डेवलपर की शक्ति के नियंत्रण के बाहर के कारणों को छोड़कर जिससे उक्त सम्पति और निर्माण कार्य प्रभावित हो, भवन निर्माण की समय सीमा 3 वर्ष 6 माह की होगी और उसके बाद कार्य पूर्ण करने का छह महीने का कृपा काल होगा। भवन निर्माण की कुल समय सीमा कृपाकाल सहित नगर परिषद दानापुर अथवा संबंधित कार्यालय द्वारा नक्शा स्वीकृति की तिथि से गिनी जाएगी।

16. यह कि मालिक सहमत हैं और बचन बद्ध है कि वे बिहार अपार्टमेन्ट स्वामित्व अधिनियम 2006 की धारा--5 (1) एवं 5 (2) तथा अन्य सभी प्रावधानों एवं नियमों का पालन करेंगे और अधिनियम के अनुरूप भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद विकासक/संप्रवर्तक एवं भूस्वामी अपने अपने हिस्से के निरपेक्ष स्वामी होंगे तथा वे अपने अपने हिस्से को पृथक रूप से

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

तथा सिमेन्ट, लोहा और अन्य भवन निर्माण सामग्री के लिए सरकारी कोटा के परमिट के लिए आवेदन करना।

घ. किसी भी याचिका कानूनी नोटिस या अन्य कानूनी प्रक्रिया प्राप्त करना और जमीन मालिक की ओर से न्यायालय में किसी न्यायिक मजिस्ट्रेट ट्रेब्यूनल के समक्ष उक्त सम्पति से संबंधित किसी मामले, मुकदमें में उपस्थित होना, बचाव करना, मुकदमा दायर करना, सभी आवश्यक कागजात पेश करना एवं बकालतनामा दायर करना। ये सभी काम डेवलपर अपने खर्च पर करेंगे।

ड. इमारत कम्प्लेक्स में फ्लैट/टेनीमेन्टस आदि खरीदने वालों को अपने फ्लैट/टेनीमेन्टस के एवज में आर्थिक संस्थाओं से ऋण लेने के लिए डेवलपर को इमारत में अपना हिस्सा बंधक रखना।

च. डेवलपर को यह अधिकार होगा कि वे अपने 65 प्रतिशत हिस्से को सीधे अथवा सहकारी समितियों द्वारा बेचने, आवंटित करने और उनके पक्ष मे खरीदारों के नाम विक्रय पत्र निष्पादित करें।

छ. जमीन मालिक ने स्वीकार किया है कि यदि डेवलपर उक्त परियोजना से सटे या उसके आस-पास की जमीन पर कोई दूसरी परियोजना का विस्तार करें तो उन्हें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी।

ज. डेवलपर को यह अधिकार होगा कि वे पूर्वोत्तर जमीन का उन्नयन उस पर एक या अनेक भवन, फ्लैट, पार्किंग स्थान और अन्य टेनीमेन्टस इमारत के नक्शे के अनुसार एक सम्मिलित नक्शा अथवा अलग-अलग नक्शा बनाकर और अगल-बगल की जमीन लेकर

Anahul Homes Pvt. Ltd.
Director

उपयोग की अन्य चीजें जमीन मालिक और डेवलपर दोनों द्वारा अनुपातिक रूप से उपयोग की जाएगी। साथ ही साथ उभय पक्षों के बीच यह शर्त निर्धारित है कि वर्तमान में पारित नक्शे के अलावा यदि भविष्य में प्राधिकार द्वारा अतिरिक्त निर्माण की स्वीकृति मिलती है या विकासकर्ता अन्य किसी तरीके से अतिरिक्त निर्माण कार्य करते हैं तब वैसी हालत में जमीन मालिक का हिस्सा उपरोक्त तरीके से निर्धारित किया जाएगा। जबकि इसमें होने वाली प्रत्येक खर्च को डेवलपर द्वारा वहन किया जाएगा।

20. यह कि डेवलपर को उक्त जमीन के उन्नयन का अधिकार होगा जिसका उन्नयन वे उस पर इमारत/बनाकर, कार पार्किंग स्थान और अन्यान्य टेनीमेन्ट के द्वारा जो पी0 एम0 सी0/पटना नगर निगम/संबंधित प्राधिकार और/अथवा अन्य संबंधित प्राधिकार से स्वीकृत नक्शा की शर्तों और बंधेज के अनुसार करेंगे अथवा उक्त उद्देश्य के लिए जमीनमालिक डेवलपर को जरूरत पड़े तो वैसे सभी कार्य (एक्ट डीडस, मैटर) को करने के लिए डेवलपर को अधिकृत करते हैं जिसमें खास बातें निम्नलिवत है:—

क. उक्त जमीन पर संबंधित प्राधिकार के नियमों एवं परिनियमों के अनुसार जमीन मालिक के नाम में प्रस्तावित इमारत की योजना बनाना और स्वीकृति के लिए आवेदन तैयार करना, कानूनी कदमों, बचनबद्वता संबंधी, कागजात तैयार करना, हस्ताक्षर करना तथा परियोजना की स्वीकृति के लिए उन्हें जमा करना।

ख. इमारत तथा परियोजना के लिए सर्वेयर, इंजीनियर, ठेकेदार, मजदूर और अन्य लोगों को नियुक्त करना।

पानी, बिजली और अन्य सुविधाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को आवेदन करना

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

एक योजना अन्तर्गत या खंड–खंड में योजना बनाकर निर्माण करेंगें और हिस्सा अनुसार हिस्सा का बंटवारा एवं विक्रय इत्यादि करेंगे, उन्हें बेचेंगे, आवंटित करेंगे अथवा निरस्त करेंगे जैसी जरूरत हो, वैसी करेंगे, ऐसा अधिकार उन्हें सम्मिलित सभी जमीन पर बने ईमारत के लिए होगा जिसे वे जिसे उचत समझें और ऐसे फ्लैट इकाईयों / टेनीमेन्टस पार्किंग स्थान का मूल्य वसूलें और अपने खाते में अपने लिए रखें।

झ. पूर्वाक्त जमीन पर प्रस्तावित इमारत के लिए योजना को संबंधित प्राधिकार के नियमों के अर्न्तगत तैयार कर इसे पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार / सक्षम अधिकारियों द्वारा स्वीकृत कराने के लिए आवेदन तथा वचन बद्धताओं को अगर डेवलपर चाहें तो जमीन मालिक ऐसे सभी आवश्यक योजनाओं, विशिष्टयों, घोषणाओं, शपथ–पत्रों और अन्य कानूनी अथवा सरकारी कागजातों को नगर परिषद दानापुर प्राधिकार अथवा अन्य अधिकारियों से स्वीकृत कराने के लिए हस्ताक्षर करने पर सहमत हैं।

21. यह कि जमीन मालिक घोषणा करते हैं :–

क. यह कि जमीन मालिक को उक्त जमीन से संबंधित इसके अधिग्रहण या अधियाचना के लिए कोई नोटिस या अधिसूचना प्राप्त नही हुई और उन्हें इसका उन्नयन करने या कराने के लिए अधिकार है।

ख. यह कि उक्त जमीन से संबंधित इस जमीन या इसके किसी हिस्से पर कोई दावा, मांग, निषेधाज्ञा या संलग्नता किसी करारेपन अधिकारी, राजस्व अधिकारी या सरकार

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

अथवा स्थायी निकायों या अधिकारियों द्वारा नहीं है।

ग. यह कि उक्त जमीन से संबंधित कोई मनोबंध या व्यवस्था नहीं चल रहा है और अगर डेवलपर को किसी ऐसे व्यवस्था का पता चले तो डेवलपर को यह मनोबंध रद्द करने या इसका पूरा खर्च बैंक दर पर सूद के साथ जमीन मालिक से वसूल करने का अधिकार होगा।

घ. यह कि जमीन मालिक के अलावा उक्त जमीन पर और किसी का कोई अधिकार, हिस्सा या हक नहीं है और जमीन मालिक किसी बेनामी जमीन मालिक के बेनामीदार नहीं है।

ङ. यह कि जमीन मालिक ने घोषणा की है कि उक्त जमीन पर कोई दायित्व या अवभार नहीं है और अगर उस पर कोई झूठा दावा करता है तो जमीन मालिक ऐसे दावे को अपने खर्चे पर चुनौती देंगे।

च. यह कि उक्त जमीन के अधिकार से संबंधित किसी भी न्यायालय में कोई मुकदमा नहीं चल रहा है और कोई भी शुल्क या कर इस विलेख के लिखे जाने तक बाकी नहीं है और अगर इसके पूर्व का कोई टैक्स या शुल्क बकाया हो तो जमीन मालिक उसका भुगतान करेंगे।

छ. यह कि जमीन मालिक उक्त जमीन के हस्तांतरण, अंतरण के उद्देश्य से मनोबंध हो जाने के बाद प्रस्तावित इमारत को डेवलपर सहित किसी समिति के हिस्से को सौंप देंगे और जमीन मालिक बचनबद्ध है कि वे पूर्वोक्त घोषणाओं के विरुद्ध कोई काम या कारवाई नहीं करेंगे।

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

ज. यह कि जमीन मालिक को उन्नयनकृत सम्पति में अपने हिस्से को बेचने, पट्टा पर देने अथवा निबटान करने का अधिकार होगा।

22. उचित अधिकार सहित इन प्रावधानों (प्रजेन्ट) के अन्तर्गत डेवलपर निर्मित भवन में कम से कम भू–तल्ला के संरचना कार्य की पूर्णता के बाद जमीन मालिक और इमारत में उनके हिस्से की पूर्ण सुरक्षा की व्यवस्था करते हुए डेवलपर अपना हिस्सा बंधक रख सकते हैं बशर्ते ऐसा ऋण अथवा उधार डेवलपर इमारत के अपने हिस्से के जमानत पर लेंगे और यह परियोजना के उन्नयन और जमीन मालिक की पूर्ण संतुष्टि के अनुसार इमारत के निर्माण में लगाया जाएगा। जमीन मालिक को ऐसे खातों, उधारों और आवेदनों को जाँच करने का अधिकार होगा।

23. इस उन्नयन मनोबंध की शर्तों के अनुपालन के साथ दोनों पक्षों के बीच यह स्पष्ट सहमति हुई है कि डेवलपर इमारत कम्पलेक्स में निर्मित क्षेत्र का 65 प्रतिशत बिक्री योग्य हिस्से को डेवलपर उनके नामित के पक्ष में उक्त ढंग से हस्तांतरित करने के लिए डेवलपर सभी कदम उठायेंगे एवं सम्पूर्ण खर्च का वहन करेंगे।

24. डेवलपर उक्त जमीन का उन्नयन H_2 0 City के नाम से करेंगे और भवन निर्माता तथा जमीन मालिक का हिस्सा सहित सम्पूर्ण इमारत का नाम H_2 0 City होगा और पार्किंग स्थान सहित सारा निर्माण खर्च केवल डेवलपर द्वारा वहन किया जाएगा तथा केवल डेवलपर ही सरकार, दानापुर नगर परिषद एवं अन्य अधिकारियों के प्रति इस जमीन के उन्नयन के लिए जबाब देय होंगे तथा उन्नयन कम में अगर कोई नुकसान हो तो इसकी क्षतिपूर्ति तथा जमीन मालिक को इससे संबंधित सभी कार्यवाही, मांग, दावा, खर्च, नुकसान, दंड अथवा अन्य कार्य असफलता, विलम्ब

शुल्क या अनुबंध–बिच्छेद के कारण(नगर निगम या अन्य प्राधिकारों द्वारा निर्मित नियमों के अन्तर्गत) हुई क्षति की पूर्ति करेंगे।

25. जमीन मालिक अपनी सहमति और वचनबद्धता व्यक्त करते हैं कि वे डेवलपर के पक्ष में इस मनोबंध की शर्तों एवं बंधेजों के अनुरूप उक्त जमीन के उन्नयन से संबंधित सभी आवश्यक कार्य करने के लिए जमीन मालिक की ओर से विकासक को प्राधिकृत करते हैं जो अपने हिस्से की जमीन बिकी के निमित इकरारनामा इत्यादि निष्पादित करेंगे।

26. इस उन्नयन मनोबंध के तथा इससे संबंधित सभी जेब खर्च, शुल्क, कानूनी खर्च जिसमें हस्तांतरण का स्टाम्प खर्च और निबंधन खर्च शामिल है, डेवलपर या उनके नामिनों द्वारा वहन किया जाएगा।

27. नगर परिषद दानापुर द्वारा इमारत की योजना की स्वीकृति से छह महीने की कृपा अवधि के अन्तर्गत अगर डेवलपर इमारत के निर्माण में असफल हो जाते हैं अथवा जमीन मालिक को बिकी योग्य निर्मित क्षेत्र सुर्पुद करने में (चूकि समय सीमा इस मनोबंध का प्रमुख अंग है) असमर्थ रहते हैं वैसे किसी दैविक कारण या नियंत्रण के बाहर प्राकृतिक विपति को छोड़कर जो इस निर्माण को प्रभावित करता है, वैसी हालत में पूर्वोक्त निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत इमारत को पूरा न करने के कारण डेवलपर को अपनी सहमति से आगे की कार्यवाही करने का अधिकार होगा।

28. यह कि निर्माण अवधि में भू–स्वामी बहुमंजिला इमारत के निर्माण हेतु व्यवहार में लाये गए सामानों की जॉच किसी भी कार्य दिवस में उचित अवधि के अन्दर कर सकते हैं। इसमें भू–विकासक को किसी प्रकार का कोई आपत्ति नहीं होगा।

29. यह कि यदि भू–विकासक उपरोक्त इमारत के

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

प्रबंध समिति का गठन करते हैं तो उसके स्थापना खर्च का व्यय भू–स्वामी को नहीं देना होगा।

30. यह कि इमारत में लगनेवाली अन्य सुविधाओं जैसे लिफ्ट, ट्रांसफर्मर बिजली कनेक्सन मीटर सहित इत्यादि का खर्च को वहन करने की कोई जिम्मेदारी भू–स्वामी की नहीं होगी।

31. इस मनोबंध की शर्तो के अनुसार उक्त जमीन पर प्रस्तावित इमारत में बिकी योग्य निर्मित क्षेत्र पर अधिकार एवं हित के अतिरिक्त जमीन मालिक को परम निर्मित क्षेत्र यथा गवाक्ष, सीढ़ी घर, रास्ता, लिफ्ट, पानी की टंकी, जेनरेटर कमरा, खुली जगह, वाहन पार्किंग स्थान और सभी सामूहिक क्षेत्र पर भी जमीन मालिक का अधिकार होगा।

32. डेवलपर दानापुर नगर परिषद के नियम, परिनियम और कानूनों का दृढ़ता से पालन करेंगे और सर्वदा किसी क्षति, दावा, मांग जो नियमों और कानूनों के उल्लंघन से उत्पन्न हो उससे जमीन मालिक की क्षतिपूर्ति करायेंगे।

33. इमारत की योजना में डेवलपर सभी सामान्य (Civil) बिजली, (Plumbing and Sanitory) कार्यों जिसमें भूमिगत एवं उपरी टंकी, पानी व्यवस्था, नल पम्प, गृह सेवा आदि शामिल है वे दानापुर नगर परिष्द की स्वीकृत योजना के अनुसार शामिल होगा।

34. उक्त इमारत या परिसर में किसी व्यक्ति के द्वारा किसी व्यक्ति या डेवलपर पर किसी कार्य के चलते किसी व्यक्ति या प्राधिकार को देय किसी नुकसान, दावा, क्षतिपूर्ति के लिए डेवलपर जमीन मालिक को पूरी तरह क्षतिपूर्ति करेंगे और जमीन मालिक किसी भी तरह का भुगतान करने, मजदूर क्षतिपूर्ति कानून अथवा किसी अन्य कानून के अन्तर्गत किसी दुर्घटना से संबंधित मुकदमें में बचाव करने के लिए जवाबदेह नहीं होंगे।

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

35. प्रस्तावित इमारत पी० एम० सी०/दानापुर नगर परिषद द्वारा स्वीकृत हो रहे वास्तुशिल्प की विशिष्टतयों के अनुसार निर्मित होगी।

अनुसूची–1

यह आवासीय परती जमीन जो मवाजी (28 डीसमल) 8 कठ्ठा 19 धूर 4 धूरकी मौजा– नेउरा, सर्वे थाना–बिहटा सब रजिस्ट्री–दानापुर वो सदर रजिस्ट्री वो जिला–पटना जिसका थाना नं0– 104 तौजी न0– बिहार सरकार, खाता नं0–172 (एक सौ बहत्तर) प्लाट नं0–713 (सात सौ तेरह) आवासीय बाजार/सरकारी मूल्य मोवलिग – 49,00,000/– (उन्नचास लाख) होता है जिसका मालगुजारी रसीद सालाना कटता है जिसका चौहद्दी निम्वत है:–

चौहद्दी

उत्तर–	प्लाट नं0–778
दक्षिण–	पार्ट प्लाट नं0–714
पूरब–	प्लाट नं0– पार्ट प्लाट 713
पश्चिम–	पार्ट प्लाट नं0– 713

नोट– उपयुक्त सम्पति वर्ष 2016–17 के न्यूनतम दर पंजी के कोड संख्या–............... मर अंकित है जिसका वर्तमान बाजार मूल्य मो0 49,00,000/– (उन्नचास लाख) रूपया है।

अनुसूची–2

(बनने वाले भवन का संक्षिप्त वास्तुशास्त्रीय एवं ढांचागत विवरण)

परिशिष्ट फ्लैट में

ढांचा– पी0 आर0 डी0 ए0(विघटित)/पी0एम0सी0 द्वारा स्वीकृति आर0सी0सी0 फ्रेम ढांचा।

सिविल कार्य– पी0 आर0 डी0 ए0(विघटित)/पी0एम0सी0 द्वारा स्वीकृति प्रथम कोटी का सीमेन्ट (ए0 सी0 सी0) सोन बालू एवं मसाला

परिसज्जन– जमीन मालिक के हिस्से की सभी दीवारें तथा भीतरी छत में प्लास्टर आफ पेरिस का प्रथम

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

सतह एवं बाहर की दीवारों बिड़ला पुट्टी होगी।

दरवाजे – दरवाजे का ढांचा लकड़ी हो तथा मुख्य दरवाजे पर लकडी का चौखट तथा दरवाजे का पल्ला प्लाई बोर्ड का होगा और उस पर दो तह सिन्थेटिक इनैमेल पेंट होगा। पेन्ट की गुणवत्ता साधारण से नीचे का नहीं होगा।

खिडकियॉ–जमीन मालिक के अनुसार या लकड़ी के (सखुआ) के फेम में पूर्णत (glazed) खिडकियॉ।

फर्श– संगमरमर या सोमानी का टाइल्स ग्रे सिमेन्ट में फ्लैट के अन्दर समस्त फर्श क्षेत्र में। होगा।

शौचालय– मुख्य शयन कक्ष से जुड़े एक शौचालय में गर्म पानी का नल, सफेद (glazed) टाइल्स 7 इंच की ऊंचाई तक सभी शौचालय का सोजासमान आई0एस0आई0 ब्राण्ड का उपयोग होगा। किचेन तथा बाथरूम का जमीन संगमरमर का होगा।

रसोई घर– हरा संगमरमर का कार्यकारी platform तथा स्टील का सिंक, कार्यकारी platform से 2 फीट उंचा रंगीन glazed टाईल्स।

बिजली व्यवस्था–मानक बिजली सामग्री के साथ Cancealed P.V.C. conducting Wirting मुख्य शयन कक्ष में A.C. Point

लिफ्ट– छह व्यक्तियों का भर वहन करने योग्य लिफ्ट उच्च कोटि का ISI mark होगा।

अनुसूची–3

(जमीन मालिक के फ्लैट की खास विशेषताएँ)

1. बैठकखाने में एक T. V. तथा इन्टरकॉम का प्वायंट।

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

2. चौबीसों घंटे अपने टयूबबेल से जुड़े सामूहिक उपरी टंकी से पानी की व्यवस्था।

3. अतिरिक्त खर्च पर सामूहिक सेवा के प्रतीक्षारत जेनरेटर।

4. बैठकखाने में एक टेलीफोन प्वायंट (कनेक्शन नहीं)।

5. फ्लैट के अंदर Concealed विजली जिसमें तॉवे का तार होगा।

यह कि यह एकरारनामा अपनी पूर्ण स्वस्थ मानसिक स्थिति में सोच समझकर उपरोक्त गवाहों के समक्ष लिख दिया कि समय पर काम आवे एवं प्रमाण रहे।

तहरीर तारीख 13/6/17

Anshul Homes Pvt. Ltd.
13/6/17
Director

गवाहकण का हस्ताक्षर

विकासक का हस्ताक्षर

जमीन मालिक का हस्ताक्षर
13-06-2017

13/06/2017

राम सिंगार राय
पि० स्व० हृदय नारायण राय
ग्राम + पो० - नेउरा
थाना - बिहटा
जिला - पटना
13/6/2017

दस्तावेज जाँचा
13/6/17

हस्ताक्षर

Online Bank challan checked

Signature

13-06-2017

Endorsement of Certificate of Admissibility

Admissible [illegible] Stamped (or exempted from or does not require stamp duty) under the Indian Stamp Act [illegible] I-A, No. '05'. Also admissible under section 26(a) of the B. T. Act.

Stamp [illegible] Indian Stamp Act	Rs.	99000/-	Amt.Paid By N.J Stamp Paper	Rs.	1000/-
Addl [illegible] under Municipal Act	Rs.	0/-	Amt.paid through Bank Challan	Rs.	118500/-

Registration Fee

FEE PAID

[illegible]	20000	C	0	H1b	0	K1a	0	Lii	0		
[illegible]	0	D	0	H2	0	K1b	0	Liii	0		
[illegible]	0	DD	0	I	0	K1c	0	Mb	0		
[illegible]	0	E	0	J1	0	K2	0	Na	0		
[illegible]	0	H1a	0	J2	0	Li	0			TOTAL-	20000

LLR + Proc Fee

LLR	0
Proc.Fee	0
Total	0

Service Charge

500

Total amount paid (Reg. fee+LLR, Proc+Service Charge) in Rs. - 20500

Registering Officer
Danapur

Date: 13/06/2017

Endorsement under section 52

Presented for registration at Registration Office, Danapur on Tuesday, 13th June 2017 by Jagnarayan Prasad Late Ramlakhan Rai by profession Others. Status - Executant

जगनारायण प्रसाद
13-06-2017

Signature/L.T.I. of Presentant

Date:13/06/2017

Registering Officer
Danapur

Endorsement under section 58

Execution is admitted by those Executants and Identified by the person (Identified by 'Ram Krishna Gupta' age '45' Sex 'M', 'Rameshwar Saw', resident of 'Koiri Tola,neora,bihta,patna'.), whose Names, Photographs, Fingerprints and Signatures are affixed as such on back page / pages of the instrument.

Registering Officer
Danapur

Date : 13/06/2017

Endorsement of Certificate of Registration under section 60

Registered at Registration Office Danapur in Book 1 Volume No. 120 on pages on 445 -463, for the year 2017 and stored in CD volume No. CD-19 year 2017 .The document no. is printed on the Front Page of the document.

Registering Officer
Danapur

Date : 13/06/2017

(4)-1

Circle: Bihta (Danapur) Book No. :- 1 Deed No. 6544

Serial No. 5404

Deed No. 6544

Govt. of Bihar
Sub Registry Office ,Danapur
Summary of Endorsement

This document was presented for registration on **21/04/2018** by **Ajay Kumar Sinha**
A Stamp Duty of Rs. **149000**/- and other Fees of Rs. **21500**/- has been paid in it.
The document was found admissible. The Names, Photographs, Fingerprints and Signatures of the Executants and their Identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as Deed No. **6544** in Book No. **1**, Volume No. **122** on pages from **192** to **205** and has been preserved in total **14** pages in C.D. No. **19** / Year **2018**

Signature with Date 17/5/18
(Vinay Kumar Prasad)
Registering Officer, **Danapur**

Date: 17/05/2018 Token No: 5741 /2018

विकास एकरारनामा

यह विकास एकरारनामा आज दिनांक 21 अप्रैल सन 2018 ईस्वी को निम्नलिखित पक्षकारो के बीच निष्पादित किया जाता है.

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director
21.4.18

Sub District Registry Office,Danapur

Token Number 5741 | Reg. Year 2018 | Serial Number 5404 | Deed Nu...

PresType	Name	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	
Claimant	Rahul Kumar						
Sig.	21/4/18						
Presented By	Ajay Kumar Sinha						
Sig.	अजय कुमार सिन्हा 21/04/2018						
Executant	Ajay Kumar Sinha	× Photo	× Thumb	× Index	× Middle	× Ring	× Little
Sig.							
Executant	Sanjay Kumar Sinha						
Sig.	संजय कुमार सिन्हा 21-4-2018						
Executant	Sarika Kumari						
Sig.	सारिका कुमारी 21.4.2018						
Identified By	Suresh Prasad Singh						
Sig.	सुरेश प्रसाद सिंह 21-04-2018						

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

SCORE Ver.4.0 Powered by IL&FS Technologies Ltd. Biometric Captured By 2802sop015

4/21/2018

1. 1. लेख्यकारी का नाम एवं पूरा पता:-

(i) श्री अजय कुमार सिन्हा, पिता- श्री सुरेश प्रसाद सिंह

(ii) श्री संजय कुमार सिन्हा, पिता- श्री सुरेश प्रसाद सिंह,

(iii) मो० सारिका कुमारी, पति- स्व० अभय कुमार सिंह, ससुर-श्री सुरेश प्रसाद सिंह ,

सभी का स्थाई साकिन ग्राम वो पो0-नेउरा, थाना-बिहटा , जिला-पटना, भारतीय नागरिक। वर्तमान साकिन-उर्मिला कुंज, संजीवनी हॉस्पिटल रोड, दक्षिणी चित्रगुप्त-नगर, कंकड़बाग,पटना,800020,मोबाइल नं०-9931448435

2. लेख्यधारी का नाम एवं पूरा पता:-

अंशुल होम्स प्राईवेट लिमिटेड, एक पंजीकृत कम्पनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिसका कॉर्पोरेट पहचान सं0-**U45200BR2014PTC022492/2014-15** जिसका रजिस्टर्ड ऑफिस हाउस नं0-47, ए0एन0 पथ, अपोजिट ए0एन0कॉलेज, नार्थ एस0 के0 पुरी, बोरिंग रोड, जिला-पटना, जिसका प्रतिनिधित्व श्री राहुल कुमार, पिता का नाम-श्री बिनोद कुमार सिंह, फ्लैट नं०-202, ब्लॉक-C, धनेशदत्त अपार्टमेंट(सोनू मार्किट के नजदीक), गोला रोड, बेली रोड, थाना-रूपसपुर, दानापुर, जिला-पटना,801503 पेशा-बिजनेश, भारतीय नागरिक। (इसमें इनके उत्तराधिकारीगण, स्थानापत्र एवं विधिक प्रतिनिधि इत्यादि सम्मिलित है) जिसे आगे सम्मिलित रूप लेख्यधारी/क्रेता कहा गया है।

3. लेख्यप्रकार:-

विकास अनुबंध।

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

4. समय अवधि

विकास अनुबंध होने के तिथि से 3 वर्ष 6 माह।

यह कि जमीन मालिक मौजा– नेउरा, सर्वे थाना–बिहटा सब रजिस्ट्री–दानापुर वो सदर रजिस्ट्री वो जिला–पटना जिसका थाना नं0– 104 तौजी न0– 3102, खाता नं0–157 (एक सौ संतावन) प्लाट नं0–721 (सात सौ इक्कीस) मवाजी 38 डिसमिल) आवासीय बाजार/सरकारी मूल्य मोवलिग– 74,10,000/–(चौहत्तर लाख दस हजार रुपया केवल) होता है पर स्वामी के रूप में स्वत्व धारित करते हुए निर्विवाद रूप से शांतिपूर्वक दखल–कब्जे में हैं। जिसका पूर्ण विवरण इस विलेख के **जमीमा नं–1** में वर्णित है जो इस विलेख का भाग है।

सन्दर्भ

1. यह कि **जमीमा नं0–1** में वर्णित सम्पति **जमीन-मालिकगण (लेख्यकारीगण)** की माता उर्मिला देवी का खरीदगी सम्पति है जिसका वसीका संख्या-5323, सन 6 सितम्बर 1993, जिल्द संख्या.418. पेज नं0-311-326 पर अंकित है, सन 6 सितम्बर 1993 है वो लेख्यकारीगण अपने संपत्ति पर आज तक अकेला काबिज दाखिल चले आते है वो मालगुजारी का रसीद लेख्यकारीगण के नाम से सालाना कटता चला आ रहा है जिसका **जमाबंदी सं0 301/IX सन 2017-18 ई0** तक कट चुका है| वो जायदाद हर प्रकार के नुक्श हकियत दीगर इंतकाल वगैरह से पाक साफ है |यह की उक्त लेख्यकारीगण का आंतरिक इच्छा हुई की उक्त जमीन से यथेस्ट लाभ नहीं है तथा उपयुक्त जमीन पर इमारत बनवाये जिससे जीवन भरण पोषण में फायदा वो सुख से जीवन अच्छी तरह से

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

बिताये लेकिन उनके पास अपना निजी रूपया एक मुस्त न होने के कारण बिल्डर्स की तलास करने लगे वो इष्टमित्रों ,सुभ चिंतकों से भी राय लिए | इस पर सभी लोगों ने राय मशवरा इमारत बनाने को दिया वो इसके लिए भू विकासक इसे डेवेलप करने के लिए एवं उक्त जमीन पर इमारत बनाने के लिए तैयार हुए जिसका पूर्ण विवरण इस वासिका में दी गई है |

2. यह कि भूखंड स्वामी आतंरिक इच्छा से जमीमा नं -1 वर्णित भूखंड पर रचनात्मक विकास के वाद वाद बहुमंजिला इमारत एवं आधुनिक तकनीक से फ्लैटों का निर्माण वर्णित भूखंड पर करवाने हेतु द्वितीय पक्ष विकास-कर्ता के साथ वह भूखंड निर्माण विकास एग्रीमेंट (एकरारनामा) उभय पक्षों के बीच निष्पादन आपसी सहमति एवं निर्धारित शर्तों पर पूर्ण मानसिक स्वस्थता के हल में नफा नुकसान सोच समझकर एवं कानूनी सलाहकारों एवं शुभ चिंतकों का परामर्श लेकर बिना जोड़ दबाव के किया जाता है |
3. यह की प्रथम पक्ष प्रस्तुत एकरारनामा के पूर्व किसी अन्य व्यक्ति या संस्था के पक्ष में कोई बय बयाना या बिकास एकरारनामा का निष्पादन नही किये है तथा यह भी विश्वास दिलाते है की अगर भविष्य में उक्त सम्पत्ति पर किसी तरह का अड़चन विवाद , दावा किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा किया जाता है तो प्रथम पक्ष उस विवाद का निपटारा स्वयं करेंगे तथा सारी जबाब देहि प्रथम पक्ष की होगी तथा द्वितीय पक्ष को उस वाद तथा दावा से पूर्ण रूपेण मुक्त रखा जायेगा |
4. यह की विकास करता / द्वितीय पक्ष जमीमा नं -1 में वर्णित भूखंड पर उपयुक्त लिए गए निर्णय के अनुसार फ्लैट निर्माण करने के लिए सहमत है | इस निर्माण कार्य में जो भी खर्च होगा उसे खर्च को विकास करता / द्वितीय पक्ष पूर्णतया वहन करेंगे |
5. यह की एकरारनामा के होते ही प्रथम पक्ष (भूखंड स्वामी) अपने स्वामित्व से सम्बंधित वर्णित भूखंड का दस्तावेज सुपुर्द कर देंगे

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director
21.4.2018

तत्पश्चात विकासकर्ता जमीमा नं-1 में वर्णित भूखंड के विकास के लिए अविलम्ब ही नक्शा बनायेंगे जिससे की दोनों पक्षों को अधिकाधिक लाभ हो सके |

6. यह की उपयुक्त नक्शा को पी0आर0डी0 ए0 / पटना नगर निगम /सक्षम पदाधिकारी से अनुमति लेने के लिए जमा किया जाएगा जिसमे किसी भी पक्ष को एतराज नहीं होगा परन्तु इसमें जो भी खर्च होगा यानी सभी खर्च विकासकर्ता द्वितीय पक्ष वहन करेंगे |

7. यह की उपरोक्त भूखंड पर निर्मित बहुमंजिली इमारत का नाम दोनों पक्षों के सहमति से H2O City रखा जाएगा |

8. यह की द्वितीय पक्ष, पी.आर.डी /पटना नगर निगम /सक्षम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत नक्शे में किसी प्रकार का विचलन नहीं करेंगे |

9. यह की विकासकर्ता/द्वितीय पक्ष निर्माण कार्य अथवा अन्य-कार्य पूरा करने के पश्चात् कुल निर्मित क्षेत्र में से 50% (पचास प्रतिशत) हिस्सा प्रत्येक ब्लोक में निर्मित क्षेत्र फ्लैट एवं कार पार्किंग का क्षेत्र भू-स्वामी /प्रथम पक्ष के सदस्यों को पूर्ण रूप से विकसित कर सौपेंगे तथा शेष हिस्सा 50%(पचास प्रतिशत) विकासकर्ता /द्वितीय पक्ष का होगा |

10. यह की प्रथम पक्ष अपने हिस्से का 50% (पचास प्रतिशत) एवं द्वितीय पक्ष अपने हिस्से 50% (पचास प्रतिशत) निर्मित फ्लैट , पार्कंग एरिया का, बिक्री करने ,किराये लगाने , बंधक रखने ऋण लेने तथा निजी उपयोग के लिए स्वतंत्र है |

11. यह की विकासकर्ता /द्वितीय पक्ष विकास हेतु दी गई भूमि पर पी.आर .डी.ए /पी.एम.सी. या अन्य सक्षम पदाधिकारी द्वारा पारित या अनुमोदित नक्शा के अनुरूप ही नक्शे के पारित या अनुमोदित होने की तिथि से 03 वर्ष के अवधी में ही उस पर निर्माण कार्य हेतु उपयोग में लेने के क्रम में पूरा कर देंगे और अगर निर्माण कार्य

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director
21.4.2018

21.4.2018

पूरा नहीं कर सके तो भूस्वामीगण /प्रथम पक्ष-गण ग्रेस के रूप में छः माह की अवधी विस्तार कर देंगे, यदि 03 वर्ष06 माह में भी विकासकर्ता /द्वितीय पक्ष बहुमंजिली इमारत में प्रथम पक्ष/ या भूखंड स्वामी का हिस्से फ्लैट जो पूर्ण नहीं होता है उसका किराया विकासकर्ता /द्वितीय पक्ष एवं भूखंड स्वामीगण/प्रथम पक्ष आपसी सहमति से तय करेंगे और तय किराये की अदायगी द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष को प्रत्येक माह में अदा करेंगे |

12. यह कि पी.आर .डी.ए /पटना नगर निगम /सक्षम पदाधिकारी द्वारा बहुमंजिला इमारत निर्माण हेतु नक्शा स्वीकृति उपरांत विकासकर्ता/द्वितीय पक्ष स्वीकृत नक्शा के अनुरूप बहुमंजिला इमारत का निर्माण करेंगे और भूखंड स्वामीगण /प्रथम पक्षगण का हिस्सा इस एकरारनामा के पारा नं-10 (दस) में वर्णित हिस्सा से कदापि कम नहीं होगा |

13. यह की इस एग्रीमेंट के तहत उभय पक्ष एक दुसरे को यह भी विश्वास दिलाएं है की प्रस्तावित योजना के तहत प्रारूप के अनुरूप कुल सुपर निर्मित क्षेत्रो के प्रस्तावित सुविधाओं के साथ छत, बालकोनी, एमिनीटीज, फ्लैटों का उपयोग व उपभोग उनकें क्रमशः आवंटित हिस्सों पर स्वयं अथवा उताराधिकारी अथवा प्रतिनिधि या खरीदार वगैरह अथवा सोसाईटी के लिए स्वतंत्र होंगे |

14. यह की निर्माण कार्य के मार्ग में द्वितीय पक्ष के द्वारा कार्य संपन्न हेतु सभी तरह के क़ानूनी प्रक्रिया को पूर्ण करने का अधिकार होगा जिससे की प्रस्तावित योजना का कार्यान्वयन हो सके | निर्माण कार्य में लागत पूंजी का समावेस द्वितीय पक्ष स्वयं करेंगे | पूंजी मुहैया हेतु द्वितीय पक्ष किसी भी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान से आर्थिक ऋण /प्रोजेक्ट लोन /फ्लैट लोन सिर्फ अपने हिस्से के क्षेत्र पर ही लेंगे एवं ऋण लौटाने की जिम्मेदारी भी द्वितीय पक्ष की होगी| बुकिंग कार्य आर्थिक ऋण उगाही सिर्फ अपने हिस्से के क्षेत्र पर ही द्वितीय पक्ष करेंगे | किसी भी हालत

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

21.4.2018

में प्रशनगत भूखंड या भूखंड स्वामी/ प्रथम पक्ष के हिस्से विकासकर्ता बंधक नहीं रखेंगे |

15. यह की सरकारी नीतियों के कारण या न्यायालय के आदेश के तहत अथवा प्राकृतिक आपदा के तहत निर्माण कार्य रुक जाये तब वैसे हालत में विकासकर्ता का दोष नहीं होगा इस हालत में विकासकर्ता /द्वितीय पक्ष द्वारा विकास करने की अवधी जितना दिन कार्य बंद होगा उतना दिन के लिए बढ़ा दिया आएगा |

16. यह की सभी सम्बंधित व्यक्ति विशेष जैसे रचनाकार ,अभियंता ,सर्वेयर,ठेकेदार,अधिवक्ता आदि की नियुक्ति विकासकर्ता /द्वितीय पक्ष को करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है। भवन निर्माण अवधी में किसी भी प्रकार का नुकसान के भरपाई के लिए सिर्फ विकासकर्ता /द्वितीय पक्ष ही जिम्मेवार होंगे |

17. यह की बहुमंजिला इमारत, योजना प्रारुप के अनुसार निर्माण कार्य के लिए सीमेंट, औजार ईट, विधुत कनेक्शन, लोहा आदि अन्य सम्बंधित कार्यों हेतु सम्बंधित पदाधिकारियो के पास आवेदन विकासकर्ता कर सकते है |

18. यह की द्वितीय पक्ष अपने हिस्से का एग्रीमेंट निर्विवाद विक्रय पत्र आवंटन, किरायेनामा, मार्गेज आदि अभिलेख हेतु वांक्षित राशी लेकर उक्त अभिलेखों का निष्पादन करने हेतु पूर्ण रूप से स्वतंत्र है।

19. यह की भू-स्वामीगण (प्रथम पक्ष) सभी मूल कागज़ जरुरत पड़ने पर विकासकर्ता (द्वितीय पक्ष) को दिखायेंगे जिससे की विकासकर्ता को वित्तीय संस्थान को ऋण आवेदन की संपुष्टि में उन सभी भूमि सम्बंधित कागजातों को प्रस्तुत करने की सुविधा हो सके |

20 नक्शा स्वीकृति के पश्चात भवन निर्माण होने पर मंजिलों में बढ़ोतरी का संशोधित नक्शा यदि अनुमोदित होता है तो वैसी स्थिति में निर्माण कार्य विकासक द्वारा पूर्ण करने पर उपर्युक्त अंकित अनुपातिक हिस्से के लिए **जमीनमालिकगण** भी **बराबर**

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

हकदार होंगे और उसी अनुपात में क्रेताओं का प्रति फ्लैट अनुपातिक जमीन में हिस्सा बदल जाएगा।

21 यह कि यथावर्णित ''जमीन मालिक का क्षेत्र'' पर जमीन मालिक को 50 प्रतिशत का अधिकार होगा जिसका इमारत के पूर्णतया तैयार होने के बाद निर्धारण और स्पष्टीकरण इमारत निर्माण हेतु प्रस्तावित नक्शा पारित होने के बाद किया जाएगा तथा सम्मिलित क्षेत्र अर्थात सीढ़ी घर, रास्ता, पम्प घर, जेनरेटर घर, वाहन क्षेत्र, लिफ्ट स्थान, प्रहरी घर सम्मिलित शौचालय एवं सम्मिलित (सामूहिक) उपयोग की अन्य चीजें जमीन मालिक और डेवलपर दोनों द्वारा अनुपातिक रूप से उपयोग की जाएगी। साथ ही साथ उभय पक्षों के बीच यह शर्त निर्धारित है कि वर्तमान में पारित नक्शे के अलावा यदि भविष्य में प्राधिकार द्वारा अतिरिक्त निर्माण की स्वीकृति मिलती है या विकासकर्ता अन्य किसी तरीके से अतिरिक्त निर्माण कार्य करते हैं तब वैसी हालत में जमीन मालिक का हिस्सा उपरोक्त तरीके से निर्धारित किया जाएगा। जबकि इसमे होने वाली प्रत्येक खर्च को डेवलपर द्वारा वहन किया जाएगा।

22 यह की विकास एकरारनामा के अनुसार द्वितीय पक्ष किसी अन्य पक्ष के साथ एकरार नहीं करेंगे |

23 यह की प्रस्तावित योजना के तहत भूखंड पर निर्माण कार्य प्रारूप के स्वीकृति पी.आर.डी.ए /पी.एम.सी के द्वारा मिलने के बाद पी.आर.डी.ए के नियम से निर्माण किया जायेगा |

24 यह की द्वितीय पक्ष / विकासकर्ता जमीमा नं -1 की वर्णित भूखंड पर ही बहुमंजिली इमारत का निर्माण करेंगे |

25 यह की इस विकास एकरारनामा के साथ अपार्टमेंट एक्ट 2006 लागु रहेगा तथा दोनों पक्ष अपने अपने हिस्से के अनुपात की सम्पत्ति पर स्वतंत्र रूपेण मालिक मुस्तकिल हो जाएंगे |

26 यह की सभी अन्य भूखंडो को एक साथ मिलाकर निर्माण किया जायेगा।

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

27 यह की जमीन मालिकगण और विकासक का 50%-50% हिस्सा, अपार्टमेंट में जमीन के एराजी के हिसाब से बराबर-बराबर होगा।

28 यह कि जमीन मालिक एवं भवन निर्माता ने यह भी तय किया कि भवन के अंतिम रूप से निर्माण के पश्चात सम्पुर्ण शिखर पर terrace का व्यवहार उक्त इमारत के धारक तथा इमारत के स्वामियों द्वारा बनाए गए सदस्य ही करेंगे।

29 यह कि जमीन मालिकगण को प्राप्त 50% हिस्से में अपार्टमेंट बन जाने पर जमीन मालिक गण का हिस्सेदारी बराबर-बराबर होगी।

जमीमा नं-1

यह आवासीय परती जमीन जो मवाजी 38 डिसमिल) जो मौजा– नेउरा, सर्वे थाना–बिहटा सब रजिस्ट्री–दानापुर वो सदर रजिस्ट्री वो जिला–पटना जिसका थाना नं0– 104, तौजी न0–3102, खाता नं0–157 (एक सौ संतावन) प्लाट नं0–721 (सात सौ इक्कीस) आवासीय बाजार/सरकारी मूल्य मोवलिग–74,10,000/–(चौहत्तर लाख दस हजार रुपया केवल) होता है जिसका मालगुजारी रसीद सालाना कटता है जिसका चौहद्दी निम्वत है:–

चौहद्दी

उत्तर–	परेखा राय
दक्षिण–	मेहीलाल राय
पूरब–	शिव खेलावन राय
पश्चिम–	देव कुमार राय

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.

Director

नोट– उपयुक्त सम्पति वर्ष 2017-18 के न्यूनतम दर पंजी के कोड सख्या–..................पर अंकित है जिसका वर्तमान बाजार मूल्य मो0 74,10,000/–(चौहत्तर लाख दस हजार रुपया केवल)रूपया है।

Standard specification

1.**फाउन्डेशन** -आर सी .सी .पाईलिंग ,स्ट्रक्चर डिजाईन के अनुसार

2.**स्ट्रक्चर** - आर.सी.सी फ्रेम स्ट्रक्चर ,सीमेंट

3.**सिविल वर्क** -प्रथम श्रेणी ईट वर्क एवं सीमेंट मोर्टार के साथ

4.**छत** - आर.सी.सी. सीमेंट

5.**फर्स** - मार्वल /वैट्री फाईड टाईल्स

6.**प्लास्टर** - सीमेंट मोर्टार (1:6)सीलिंग (1:4),

7.**दरवाजा** -अच्छे क्वालिटी का लकड़ी चौखट एवं दरवाजा(सखुआ) वाटर प्रुफ फ्लस डोर (फ्लस प्राइमर सहित) डोर लुकिंग ग्लास के साथ

8.**खिड़की** -अच्छे क्वालिटी का लकडी (स्टील अल्युमुनियम विंडो) चौखट पल्ला (गम्हार),खिड़की शीशा लगाकर ग्रिल के साथ।

9. **रसोई घर** -ग्रेनाइड का वर्किंग प्लेटफार्म, स्टील सिंक तथा दीवाल में 2 फिट टाइल्स साथ ही जल आपूर्ति फिटिंग ठंडा एवं गर्म नल फिटिंग

10. **बाथरूम** - दीवाल में सात फिट ग्लेज्ड फिसलन रहित टाइल्स ,फ्लोरिंग साथ ही जल आपूर्ति फिटिंग ,ठंडा एवं गर्म नल फिटिंग , चीनी मिटटी का पैन फिटिंग एवं वैसिन (जैकुआर /पैरीवेयर)

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

11. **विधुत वाररिंग**- कैनिसल्ड पी.वि.सी. कौनिड्युट वायरिंग सहित स्टेंड (आई.एस.आई)क्वालिटी का फिटिंग स्वीच (हेवेल्स/एंकर)

12.**दीवाल फिनिसिंग**-अन्दर के वाल पुट्टी वो बाहर में वेदर कोटेड पेंट

13.**टी.भी. प्वाइंट** - सभी रूम एवं ड्राइंग रूम में एक एक प्वाइंट

14.**टेलीफोन प्वाइंट** - सभी रूम एवं ड्राइंग रूम में एक एक प्वाइंट

15.**सीवरेज**-सीवरेज डिज़ाइन के अनुसार उपयुक्त व्यवस्था के साथ

16.**जेनेरेटर** - जलापूर्ति तथा कॉमन क्षेत्र के साथ पुरे फ्लैट केलिए 300 वाट ऑटो जेनेरेटर क्रिलोस्कर/महेन्द्रा

17.**समर सेवुल पम्प**-बहुमंजिली ईमारत निर्माण के अनुपात होगा।

18. **आउटर वाल** - स्टैण्डर्ड एज पर डिजाईन

19. **लिफ्ट** - ओटिस कोर्न अथवा ब्रांडेड कंपनी का

20.**छड/सरिया** - आई.एस.आई मार्का .

21.**सीमेंट /ईट** - उच्च कोटि का एवं ईट प्रथम श्रेणी

22.**ए0सी0 प्वाइंट**- सभी रूम एवं ड्राइंग रूम में एक एक प्वाइंट

23. बहुमंजिली इमारत बनाने का प्रस्ताव है लेकिन पि०आर0डी0ए0 पटना नगर निगम /द्वारा स्वीकृत नक्शा के अनुसार विकासकर्ता को प्रस्तावित बहुमंजिली ईमारत (अपार्टमेंट)का निर्माण करना होगा।

24 **फायर सिस्टम**- नवीनतम फायर सिस्टम का उपयोग संपूर्ण बिल्डिंग में किया जायेगा .

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

25. **इण्टरकॉम**- CCTV 24 घंटा उपलब्ध रहेगा एवं इन्टरकॉम की व्यवस्था भी होगी.

निम्न गवाहों की उपस्थिति में उभय पक्षों ने इस विकास एकरारनामा (डेवलपमेंट एग्रीमेंट) को पढ़कर, पढ़वाकर सुन समझकर बिना किसी जोर या दबाव के स्वस्थ्य मन एवं दिमाग से अपने-अपने शुभचिंतकों एवं कानूनी सलाहकारों से विचार विमर्श कर इस पर हस्ताक्षर बनाया ताकि समय पर काम आवे वो प्रमाण रहे।

गवाह का हस्ताक्षर

भूखंड स्वामीगण का हस्ताक्षर

21-4-2018

सारिका कुमारी
21-4-2018

21-04-2018

गवाह का हस्ताक्षर

विकासकर्ता का हस्ताक्षर

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director
21-4-2018

Anshul Homes Pvt. Ltd.
Director

Drafted by
Brijendra Kumar
Adv.
Patna High Court

दस्तावेज लेखक

State Bank of India

Danapur

21/4/18

Type of Account: SB/CA/...

A/c. No. 30978461198

800/-

E-CHALLAN

Government of Bihar

BTC-2

Department	Date: 20/04/2018 01:06:48 PM
	From
	To

...SING OF DOCUMENTS	PAY AMOUNT
...-75-49-FEES FOR REGISTERING DOCUMENTS	149000.00
...-00-31-LANDLORD REVENUE AND PROCESSING FEES	21000.00
